# डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में डॉ. सुरेश पाण्डेय ने अपनी पुस्तक कलेक्टर को भेंट की

**कोटा,** (निसं)। भारत वर्ष में डॉक्टर्स-डे भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सैनानी डॉ. बिधानचन्द्र राय के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। एक जुलाई 2024 को मनाए जाने वाले नेशनल डॉक्टर्स डे (राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस) की थीम 'हिलिंग हैण्ड्स, केयरिंग हार्टस' है। यह विषय चिकित्सकों द्वारा अपनी दैनिक प्रैक्टिस में लाए गए करुणा और समर्पण पर जोर देता है, जो रोगी की करूणा के साथ देखभाल प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय (निदेशक सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा) ने 'एक आई सर्जन की डायरी-भारत, अमेरिका एवं ऑस्ट्रेलिया में मेरे अनुभव' नामक अपनी पुस्तक जिला कलक्टर कोटा डॉ.रविन्द्र गोस्वामी को भेंट की। डॉ. गोस्वामी ने डॉ. सुरेश पाण्डेय को इस पुस्तक के लेखन हेतु बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक कोटा शहर में नीट की तैयारी कर रहे प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



**डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में डॉ. सुरेश पाण्डेय ने अपनी पुस्तक जिला कलेक्टर कोटा डॉ. रविन्द्र गोस्वामी को भेंट की।**

डॉ. सुरेश पाण्डेय द्वारा लिखित एक आई सर्जन की डायरी नामक पुस्तक के 25 अध्यायों में विभिन्न संस्करणों के माध्यमों से पाठकों को यह भी बताने का प्रयास किया है कि जीवन में सफलता पाने के लिए अनवरत् प्रयास ही नहीं वरन् त्याग और समर्पण भी जरूरी है। इस पुस्तक के अध्याय 17 में कोचिंग विद्यार्थियों में आत्महत्या के कारणों एवं रोकने के उपायों पर समूचा चौप्टर लिखा है। कोटा के कोचिंग छात्रों के बीच नीट अथवा आई.आई.टी. प्रवेश परीक्षा में असफल होना विद्यार्थियों के जीवन का अंत नहीं है। यदि विद्यार्थी सफल होकर चिकित्सक अथवा आईआईटीयन बन जाते है तो अच्छी बात है। यदि कुछ विद्यार्थियों का इन परीक्षाओं में चयन नहीं हो पाता है तो निराश न हो।

क्योंकि ईश्वर ने आपके लिए उससे अच्छा सोचकर रखा है। इसी भावना के साथ असफलता को स्वीकार करते हुए सफलता का प्रयास नहीं छोड़े। एक आई सर्जन की डायरी में चिकित्सकों एवं रोगी के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए डॉ. सुरेश पाण्डेय ने अनेकों रोचक संस्मरण साझा किये है। उन्होंनें मेडिकल कॉलेज, जबलपुर, पोस्ट ग्रेज्यूएट इंस्टीट्यूट, चण्डीगढ़ एवं मोरान आई इंस्टीट्यूट, साल्क लेक सिटी, अमेरिका एवं सिडनी आई हॉस्पिटल सिडनी आस्ट्रेलिया में कार्य करते समय सीखे गये दुर्लभ चिकित्सकीय संस्मरणों को पाठकों के समक्ष साझा किया है। पुस्तक में रोगी एवं चिकित्सक के संबंध प्रगाढ़ करने के लिए नवांगुतक चिकित्सकों के लिए पाँच 'सी' पर ध्यान देने को कहा है। यह पाँच सी हैं-कम्पेशन (रोगी के प्रति सहानुभूति), केयर (रोगी की देखभाल), कमिटमेन्ट (चिकित्सकीय कार्य के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी एवं जवाबदेही), कॉम्पीटेंस (अपने चिकित्सकीय कार्य में दक्षता हासिल करने की कला), कम्यूनिकेशन (रोगी की परेशानी ध्यान से सुनकर उसकी बीमारी के बारे में जानकारी देना) मुख्य है। इन पाँच 'सी' में सफल चिकित्सक बनने का रहस्य छिपा हुआ है। डॉक्टर और मरीज के बीच का संबंध जितना मजबूत होगा, स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता उतनी ही बेहतर होगी। हमें स्वास्थ्य सेवा सुधारने के प्रयासों को जारी रखना चाहिए और डॉक्टरों को उन सभी चुनौतियों से निपटने में सहयोग देना चाहिए, जो वे अपने पेशे में सामना करते हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बल मिलेगा, बल्कि रोग निवारण और उपचार में भी सुधार होगा, जिससे एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण होगा।

# मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ

■ **कोटा जिले के 1.24 लाख किसानों के बैंक खातों में 12.43 करोड़ हस्तांतरित**

**कोटा,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ के अवसर पर लाभार्थी करीब 65 लाख किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से एक क्लिक से 650 करोड़ रूपए की राशि हस्तांतरित की। इसमें कोटा जिले के 1 लाख 24 हजार 333 लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 12 करोड़ 43 लाख 33 हजार रूपये की किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों के साथ मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद किया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की तर्ज पर ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने रविवार से की है। इसके तहत प्रत्येक लाभार्थी किसान के खाते में दो-दो हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए जाएंगे। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को पहले से ही 6-6 हजार रूपए मिल रहे हैं। अब दो हजार रूपए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने से कुल 8 हजार रूपए किसानों के खातों में आएंगे और इस राशि से वे खाद-बीज की खरीद के साथ ही कृषि से जुड़े अन्य कार्य कर पाएंगे। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ का जिला स्तरीय कार्यक्रम कोटा के सिआम ऑडिटोरियम में हुआ।

जहां कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, प्रधान जयवीर सिंह, कोटा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, हेमंत निगम, जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, कोटा सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के एमडी बलविन्दर सिंह गिल सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं लाभार्थी किसान उपस्थित थे। सियाम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसान मोडूलाल सहित अन्य किसानों को पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया।

**किसान मोडूलाल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया:-** कार्यक्रम में आए नौताणा के किसान मोडूलाल ने बताया कि खसरा नंबर गलत लिखे जाने के कारण उन्हें अपात्र बतायें दिया गया था और पीएम किसान सम्मान निधि योजना में की राशि उन्हें नहीं मिली थी। केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधिकारियों के प्रयासों के बाद उन्हें एक साथ पूरी 16 किश्तों की राशि मिली एवं 18 जून को 17 वीं किश्त मिली जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ 12 करोड़ किसानों के खातों में एक क्लिक से पीएम किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित की थी। पीएम किसान सम्मान निधि की तर्ज पर ही मुख्यममंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू करने एवं पात्र प्रत्येक किसान के खाते में दो-दो हजार रूपए हस्तांतरित करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद दिया।

# कोटा में पर्यटन विकास के लिए प्रयास करें सरकार : धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। कोटा में पर्यटन विकास की भरपूर संभावनाएं हैं पिछली कांग्रेस सरकार ने कोटा को कोचिंग नगरी के साथ-साथ पर्यटन नगरी के क्षेत्र में भी देश और दुनिया में पहचान बनाने के लिए विश्वस्तरीय पर्यटन के प्रोजेक्ट्स को जमीन पर उतारा चंबल रिवर फ्रंट सहित अन्य पर्यटन विकास के प्रोजेक्टस को मौजूदा सरकार राजनीति से ऊपर उठकर पर्यटन विकास के क्षेत्र में कार्य करें तो कोटा के आर्थिक विकास को पंख लगेंगे शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी लेकिन जब से सरकार बदली है भाजपा सरकार कोटा में पर्यटन विकास को लेकर कोई प्लान नहीं बना रही।

पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने बयान जारी कर कहा है कि कोटा में सिर्फ पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार, रखरखाव सुचारू करना है अकेले चंबल रिवर फ्रंट ही कोटा की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है इसके अलावा पिछली कांग्रेस सरकार के वक्त कोटा को पर्यटन नगरी बनाने के लिए हेरिटेज के साथ-साथ आवागमन सहित अन्य सुविधाओं को देसी विदेशी पर्यटकों की सुविधाओं के मध्य नजर विकसित किया गया था। लेकिन जब से सरकार बदली है विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है जो शहर की जनता के साथ कुठाराघात हैं। पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी कहती है कि अब डबल इंजन की सरकार है लेकिन डबल इंजन की सरकार के पास कोटा को डेवलप करने का कोई प्लान नहीं है जबकि हमारे कांग्रेस सरकार ने हर कार्यकाल में कोटा को विकास के पायदान पर आगे बढ़ाया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अब डबल इंजन की सरकार कोटा के विकास को आगे बढ़ाएं पर्यटन विकास के लिए प्रोजेक्टस लेकर आये इसके साथ ही रोजगार के क्षेत्र में भी कृषि आधारित इंडस्ट्री आईटी सेक्टर से संबंधित इंडस्ट्रीज को कोटा में स्थापित करें।

# जिला कलेक्टर ने एक लाख नीम के पौधे लगाने का संकल्प लिया

**झालावाड़** (निसं)। राज्य सरकार की पहल एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशानुरूप मानसून के दौरान सम्पूर्ण झालावाड़ जिले में करीब 14 लाख 43 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य को लेकर रविवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिला कारागृह झालावाड़ के पीछे वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के करीब 1100 पौधों का रोपण किया गया।

जिला कलक्टर ने सर्व प्रथम पीपल का पौधा लगाकर शुभारंभ किया और इसके साथ ही एक लाख नीम के पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नीम औषधीय गुणों से भरपूर है और नीम का पौधा बड़ा होने पर आय का स्त्रोत भी है। उन्होंने कहा कि जहां वृक्ष होते है वहां समृद्धि भी होती है। जिला कलक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं एवं उनका संरक्षण कर जिले को और अधिक हरा-भरा बनाएं।

इस दौरान उप वन संरक्षक सागर पंवार, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भु दयाल मीणा, वॉटरशेड के अधीक्षण अभियन्ता जीतमल नागर, इम्मानुअल स्कूल के संचालक जोनसन टी सेम, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण, एलिट स्पार्टन स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य, ट्रैकिंग क्लब के सदस्य, राधेश्याम सालोदिया सह प्रांत पर्यावरण संयोजक अपना संस्थान झालावाड़, एनाटॉमी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. मनोज शर्मा, डॉक्टर दुर्गा लाल कुल्मी, डॉ. राम पाटीदार, डॉ. मनोज शर्मा, धनराज राठौर, महेश कश्यप, शिव प्रकाश पाटीदार, इमामुद्दीन, कन्हैया लाल, भारत, रवजोत सिंह, धर्मेन्द्र वैष्णव आदि पर्यावरण प्रेमियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।

इस अवसर पर पीपल, नीम, गूलर, अर्जुन, धोक, करंज, शीशम, कैंत, महुआ, कचनार आदि विभिन्न प्रजाति के 1100 पौधे लगाए गए। डॉ. अतुल विजय ने बताया कि संस्था गत 12 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक मनोज पारेता एवं उनकी टीम द्वारा एक लाख बीजों से पौधे तैयार करने का संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त भवानी क्रिकेट ग्राउण्ड, शमशान भूमि एवं संत पीपाजी पेनोरमा पर भी पौधारोपण किया गया।

# शिविर में 77 यूनिट रक्त संग्रह

**कोटा,** (निसं)। कोटा में लगातार रक्त की कमी को देखते हुए पांचवा रक्तदान शिविर लक्ष्य कॉमर्स कलासेज छावनी में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपभोक्ता होलसेल भंडार के चेयरमैन हरिकृष्ण बिरला थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता हितेन्द्र शर्मा थे। इस अवसर पर 77 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस रक्त को थैलीसीतिया पीड़ितों के सहायतार्थ उपयोग में लिया जाएगा। इस दौरान हरिकृष्ण बिरला ने कहा कि कोटा में रक्तदान को लेकर बेहद जागरुकता है। हम सभी को प्रयास कर यही जागरुकता ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचानी होगी, तभी हमारी समाजसेवा सार्थक होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए युवाओं को आगे आना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाए में निलेश जैन, अरुण सिंघल कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# लोकसभा चुनावों में सक्रिय तथा निष्क्रिय रहे कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की सूची मांगी

**कोटा,** (निसं)। पीसीसी के निर्देश पर लोकसभा चुनावों में सक्रिय तथा निष्क्रिय रहे कांग्रेस पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओ और जो पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने वालों के नाम तथा कार्यकारणी विस्तार हेतु तैयार करने तथा फीडबैक लेने के लिए पीसीसी महासचिव कोटा प्रभारी इन्द्रराज गुर्जर सह प्रभारी वीरेन्द्र सिंह झाला ने रविवार को 11 बजे शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक लेकर फीडबैक लिया तथा 15 दिवस के अंदर पीसीसी को सूची भेजने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष रविंद त्यागी को सूची तैयार करने के लिए कहा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी महासचिव कोटा प्रभारी इन्द्रराज गुर्जर ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता ने इंडिया गठबंधन पर अपना विश्वास जताकर 25 में से 11 सीटे देकर अपना भरोसा जताया कई सीटो पर प्रशासन ने भाजपा के कार्यकर्ता बनकर कार्य किया जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नही था जनता कांग्रेस की ओर देख रही है बैसाखी पर बैठी मोदी सरकार कभी भी गिर सकती कार्यकर्ता तैयार रहें। मोदी सरकार अल्पमत की सरकार है जनता ने नकार दिया है उन्होंने कहा कि आगे संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक और जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा चुनावो में अच्छा कार्यकरने वालो को जोड़कर संघठन को मजबूत किया जायेगा सूची तैयार कर पीसीसी को भेजी जाएगी कांग्रेस अध्यक्ष को वरिष्ठ नेताओं की सहमती से 15 दिवस के अंदर सूची बनाने के लिए कहा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि चार सौ पार मोदी सरकार 250 सीटे के अंदर सिमट कर रह गयी है मोदी जी धार्मिक भावनाओं को भड़काकर चुनाव जीतना चाहते थे जो जनता ने नकार दिया विकास की बात न करके चुनाव में चारसौ पार की बड़ी-बड़ी बातें करके बहुमत हासिल करना चाहते थे जो अल्पमत की बैसाखी पर बैठे सरकार चला रहे है कभी भी गिर सकते है कोटा में जो लाखों की जीत का दावा करते थे वो 41 हजार की जीत दर्ज कर पाए कोटा की जनता को पता है किस स्थिति में कैसे चुनाव जीते है त्यागी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएग बूथस्तर तक पार्टी को मजबूत करेंगे।





**कोटा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को प्रभारी इंद्राज गुर्जर ने संबोधित किया।**

त्यागी ने कहा कि चुनावो में जिन्होंने निष्क्रियता दिखाई है तथा जो पार्टी छोड़कर गए है उनकी सूची प्रभारियों के द्वारा पीसीसी को भेजी जाएगी पीसीसी अपने स्तर पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगी। लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि मोदी सरकार अब बैसाखी की सरकार है अभी राज्यों के चुनावों में जनता और आइना दिखा देंगी उसके बाद लोकसभा चुनावों का कभी भी बिगुल बज सकता है कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार रहे उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का चुनावो में अच्छा प्रदर्शन रहा जिसके कारण जीत का अंतर 41 हजार पर रहा लाखों की जीत का दावा करनेवालों की हवा कार्यकर्ताओ ने निकाल दी उन्होंने कहा कि अब संगठन को मजबूत किया जायेगा कोशिश करेंगे 15 दिनो में 150 वार्डो की बैठके आयोजित कर बूथ लेवल को मजबूत करेंगे एक दिन में 10 वार्ड कवर करने का लक्ष्य रहेंगा। संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओ को जोड़कर मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक को प्रमुख रूप से कोटा सह प्रभारी वीरेंद्र सिंह झाला, सह प्रभारी धर्मराज मेहरा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम, उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा, पूर्व महापौर राकेश सोरल, पूर्व पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, उपमहापौर पवन मीणा, अनूप ठाकुर, सं महामंत्री राधेश्याम वर्मा, कांग्रेस नेता डॉ विजय सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष जोंटी वीरवाल, ब्लॉक अध्यक्ष जयेश श्रृंगी, प्रमोद त्रिपाठी, उर्मिला शर्मा आदि ने संबोधित किया।

# जुलाई माह में कार्य के चलते कोटा होकर जाने वाली कुछ ट्रेनें निरस्त रहेंगी

**कोटा,** (निसं)। जबलपुर एवं भोपाल मण्डल के क्रमशः मालखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशनों के लाइन दोहरीकरण हेतु नॉनइंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस नॉनइंटरलॉकिंग कार्य के कारण कोटा होकर जाने वाली कई गाड़ियों को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 04 जुलाई तथा गाड़ी संख्या 19608 मदार-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 01 जुलाई को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।

गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट दिनांक 03 जुलाई को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 01 जुलाई तथा गाड़ी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 02 जुलाई को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।

गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 01 जुलाई को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा ने बताया कि यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है क्योंकि विकास हेतु कार्य किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# गुरुपूर्णिमा महोत्सव 21 को

**बूंदी** (निसं)। 21 जुलाई रविवार को श्री रघुनाथ धाम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव राष्ट्रीय संत ज्योति शंकर शर्मा पुराणाचार्य के सानिध्य में दिव्यता से मनाया जाएगा। आश्रम के प्रवक्ता प्रमोद गर्ग ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर रविवार को संत ज्योति शंकर शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई, जिसमें गणेश पूजन से महोत्सव की शुरुआत की जाएगी , इसके पश्चात 11 ब्राह्मणों द्वारा बूंदी के सर्वांगीण विकास एवम बूंदी पर्यटन क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर अंकित हो इसकी कामना को लेकर विष्णु सहस्त्रनाम, रामरक्षा स्तोत्र , हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इस दौरान आश्रम परिसर एवं ओम एनक्लेव में पौधारोपण भी किया जाएगा। दोपहर में श्रद्धालु एवं भक्तजनों द्वारा गुरुदेव ज्योति शंकर शर्मा पुराणचार्य की उपस्थिति में सामूहिक सत्संग होगा।

# 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश के आर्थिक विकास में निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका'

■ **विकसित भारत थीम पर सी.ए. सदस्यों ने दौड़ लगाई**

■ **कोटा सी.ए. ब्रांच की ओर से सी.ए. डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज**

**कोटा,** (निसं)। कोटा सी.ए. ब्रांच की ओर से मनाए जा रहे जलसा कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को किशोर सागर तालाब पर विकसित भारत थीम पर वॉकोथन रन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इनकम टैक्स के प्रिंसिपल कमिश्नर पुरुषोत्तम त्रिपुरी थे, जबकि विशिष्ट अतिथि नयापुरा थाना अधिकारी लक्ष्मी चंद वर्मा थे।

प्रोग्राम डायरेक्टर सीए आशीष व्यास, सीए विष्णु गर्ग व सीए सौरभ जैन ने बताया कि रविवार को किशोर सागर तालाब पर वॉकोथन-रन एंड जुंबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। वॉकोथोन में सीए सदस्यों ने विकसित भारत मुहिम के तहत दौड़ लगाई और देश को विकसित देश बनाने का संकल्प भी लिया। इस प्रकार का कार्यक्रम इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की विभिन्न इकाईयों द्वारा पूरे देश भर में आयोजित किया गया।



**कोटा में सी.ए. वीक में विकसित भारत थीम पर वॉकोथन रन का आयोजन किया गया।**

इनकम टैक्स के प्रिंसिपल कमिश्नर पुरुषोत्तम त्रिपुरी ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सीए देश में अर्थशास्त्र के पंडित की तरह कार्य करते हैं और आर्थिक अनुशासन की परंपरा सुनिश्चित करने में उनका काफी महत्व है। सीए राष्ट्र निर्माण में बडे स्तर पर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सीए अर्थव्यवस्था का आधार हैं और वित्तीय विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए देश को विभिन्न वित्तीय और अर्थव्यवस्था से संबंधित विषयों पर सही दिशा प्रदान करते है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल सके और औद्योगिक विकास के साथ साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत किय जा सके। इसलिए विकसित भारत बनाने की मुहिम में सीए सदस्य महत्वपूर्ण रोल अदा करेंगे। इस दौरान सीए सदस्यों ने जुंबा कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में श्री सदस्यों ने किशोर सागर तालाब के चारों ओर दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

**रक्तदान कर सी.ए. सदस्य सेलिब्रेट करेंगे सीए डे:-** कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि सीए डे के अवसर पर एक जुलाई को सुबह 9 बजे नई धानमंडी स्थित कोटा सीए ब्रांच कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सीए सदस्यों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोटा में इस समय ब्लड की कमी चल रही है इसलिए सीए स्टूडेंट्स एवं सीए सदस्य सामाजिक भागीदारी निभाते हुए अधिक संख्या में रक्तदान करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक सीए राहुल जैन, सीए पीयूष जैन, सीए योगेंद्र गुप्ता, सीए महेश गुप्ता, सीए मनीष पाटनी, सीए अरविंद जैन, सीए अर्पिता पुरोहित व सीए मोनिका माखीजा समेत दर्जनों सीए सदस्य उपस्थित थे।

# वर्धमान जैन ने 44वीं बार एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता के सहसंयोजक एवं भामाशाहमंडी के अग्रणी व्यापारी वर्धमान जैन ने अपने जीवन की 44वीं एसडीपी डोनेट की है। इससे पूर्व वह 55 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रात को अस्पताल में भर्ती मरीज रामलाल के पुत्र विशाल परेशान हो रहे थे, ऐसे में किसी माध्यम से वह वर्धमान जैन तक पहुंचे। वर्धमान जैन ने अपना ब्लड बैंक में फोन कर कहा कि उन्हें कह दीजिए उनकी व्यवस्था हो जाएगी वह परेशान नहीं हों, और विशाल को ब्लड बैंक बुला लिया गया। वर्धमान जैन रात 11.30 के करीब अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 44वीं बार एसडीपी डोनेट की है। वह अब तक कुल 99 बार डोनेशन कर चुके। वर्धमान जैन का कहना है कि सभ्य, समझदार, पढ़े-लिखे लोग तो रक्तदान करते हैं, लेकिन मजदूर ग्रामीण वर्ग में अभी भी भ्रांतिया व्याप्त है। लगातार लोगों की भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास भामाशाहमंडी में लगभग एक दशक से करते चले आ रहे हैं। उन्हीं की प्रेरणा से ईश्वर सिंह संग पत्नी चंद्रकला जो की मुंशी के कार्य से जुड़े हुए हैं, उन्होंने अपनी 18वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर रक्तदान किया। वर्धमान जैन ने कहा कि जीवन में एक ही उद्देश्य है कि निचले तबके के मजदूर वर्ग में भी रक्तदान को लेकर जागृति आए और उसके लिए वह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि वर्द्धमान पर दुःख हिताय रहते है और जरूरत पर देर रात भी खड़े होते है।

# झंडे की रस्म अदा

**झालावाड़** (निसं)। वार्ड नंबर 12 में स्थित हजरत रोशन अली शाह उर्फ काले शाह बाबा रहमतुल्ल अल्लाहे की दरगाह पर झंडे की रस्म अदा की गई। उर्स कमेटी सदर इमरान खान ने बताया कि आज नमाज़ असर 5:30 बजे काले शाह बाबा दरगाह के पास स्थित मदरसा फैजाने हमीदुद्दीन से चादर शरीफ उठाई जाएगी जो मूर्ति चौराहा मंगलपुरा बंदूक वालों की गली नाला मोहल्ला होती हुई आस्ताने आलिया पर पेश की जाएगी।

**कार्यालय नगरपालिका कापरेन जिला बून्दी (राज.)**

क्रमांक - न.पा.का./2024/543 **आपत्ति सूचना** दिनांक :- 24.6.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश कुमार राठौर पुत्र श्री चौथमल राठौर निवासी कापरेन वार्ड नं.17 तह. के.पाटन जिला बून्दी (राज.) द्वारा श्री चौथमल पुत्र श्री राधाबल्लभ तेली निवासी कापरेन के नाम 69क के अन्तर्गत रजिस्ट्रीशुदा पट्टा क्रमांक 308 दिनांक 20.10.2022 का बना हुआ है। श्री चौथमल की मृत्यु दिनांक 19.05.2023 हो जाने के कारण एवं परिवार की सहमति दिये जाने से श्री मुकेश कुमार राठौर पुत्र श्री चौथमल राठौर निवासी कापरेन अपने स्वयं के नाम नामान्तरण करवाने हेतु पालिका में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिनके संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस में कार्यालय नगर पालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कापरेन**